# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 10 (2019-20)

## हिन्दी-ब (कोड-85)

## कक्षा-9

निर्धारित समय- 3 घंटे अधिकतम अंक- 80

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 15

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 9

जिस आश्रम की कल्पना की है उसकी व्यवस्था में या संचालन में किसी पुरुष का संबंध न हो। उस आश्रम का विज्ञापन अख़बार में नहीं दिया जाए। जो महिला आएगी वह अपने खाने-पीने की तथा कपड़े लत्ते की व्यवस्था करके ही आए। पूरी पहचान और परिचय के बिना किसी को दाखिल नहीं करना चाहिए। दाखिल हुई कोई भी महिला जब चाहे तब आश्रम छोड़ सकती हैं। आश्रम को ठीक न लगे तो एक या तीन महीने का नोटिस देकर किसी को आश्रम से हटा सकता है लेकिन ऐसा कदम सोचकर लेना होगा।

आश्रम किसी धर्म से चिपका नहीं होगा। सभी धर्म आश्रम को मान्य होंगे, अतः सामान्य सदाचार, भक्ति तथा सेवा का ही वातावरण रहेगा। आश्रम में स्वावलंबन हो सके उतना ही रखना चाहिए। सादगी का आग्रह होना चाहिए। आरंभ में पढ़ाई या उद्योग की व्यवस्था भले न हो सके लेकिन आगे चलकर उपयोगी उद्योग सिखाए जाएँ। पढ़ाई भी आसान हो। आश्रम शिक्षा संस्थान नहीं होगी लेकिन कलह और कुढ़न से मुक्त स्वतंत्र वातावरण जहाँ हो ऐसा मानवतापूर्ण आश्रय स्थान होगा, जहाँ परेशान महिलाएँ बेखटके अपने खर्च से रह सकें और अपने जीवन का सदुपयोग पवित्र सेवा में कर सकें। आगे चलकर संस्था की ज़मीन पर छोटे-छोटे मकान बनाए जाएँगे और उसमें संस्था के नियम के अधीन रहकर आने वाली महिलाएँ दो-दो, चार-चार का परिवार चलाएँगीं।

1. उपरोक्त गद्य में लेखक किस आश्रम की कल्पना कर रहा है ? 2
2. प्रस्तुत लेख का क्या उद्देश्य है ? 2
3. आश्रम में धर्म का क्या स्थान होगा ? 2
4. "कलह और कुढ़न" से लेखक का क्या अभिप्राय है ? 2
5. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

2. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 6

चाहे सभी सुमन बिक जाएँ चाहे ये उपवन बिक जाएँ
चाहे सौ फागुन बिक जाएँ पर मैं गंध नहीं बेचूँगा
अपनी गंध नहीं बेचूँगा।।
जिस डाली ने गोद खिलाया जिस कोपल ने दी अरुणाई
लक्षमन जैसी चौकी देकर जिन काँटों ने जान बचाई
इनको पहिला हक आता है चाहे मुझको नोचें तोड़ें
चाहे किसी मालिन से मेरी पंखुड़ियों के रिश्ते जोड़े
ओ मुझ पर मंडराने वालों मेरा मोल लगाने वालों
जो मेरा संस्कार बन गई वो सौगंध नहीं बेचूँगा।
अपनी गंध नहीं बेचूँगा।।
मौसम से क्या लेना मुझको ये तो आएगा-जाएगा

दाता होगा तो दे देगा खाता होगा तो खाएगा।
कोमल भँवरों के सुर सरगम पतझारों का रोना–धोना
मुझ पर क्या अंतर लाएगा पिचकारी का जादू–टोना
ओ नीलाम लगाने वालों पल–पल दाम बढ़ाने वालों
मैंने जो कर लिया स्वयं से वो अनुबंध नहीं बेचूँगा।
अपनी गंध नहीं बेचूँगा।।

1. प्रस्तुत काव्यांश में कवि किसकी वेदना व्यक्त कर रहा है? 2
2. नीलाम लगाने वालों से कवि का क्या तात्पर्य है ? 2
3. कवि के अनुसार फूल पर पहला हक किसका है ? 2

**अथवा**

बीत गया हेमंत भ्रात, शिशिर ऋतु आई!
प्रकृति हुई द्युतिहीन, अवनि में कुंझटिका है छाई।
पड़ता खूब तुषार पदमदल तालों में बिलखाते,
अन्यायी नृप के दंडों से यथा लोग दुख पाते।
निशा काल में लोग घरों में निज निज जा सोते हैं,
बाहर श्वान स्यार चिल्लाकर बार–बार रोते हैं।
अर्धरात्रि को घर से कोई जो आंगन को आता,
शून्य गगन मंडल को लख यह मन में है भय पता।
तारे निपट मलिन चन्द्र ने पाण्डुवर्ण है पाया,
मानों किसी राज्य पर है, राष्ट्रीय कष्ट कुछ आया।
धनियों को है मौज रात–दिन हैं उनके पौ–बारे में,
दिन–दरिद्रों के मत्थे ही पड़े शिशिर दुख सारे।
वे खाते हैं हलुवा–पूड़ी, दूध–मलाई ताजी,
इन्हें नहीं मिलता पर सुखी रोटी और न भाजी।

1. उपरोक्त पंक्तियों में कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?
2. अमीर और गरीब के संबंध में कवि ने क्या कहा है?
3. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए।
   द्युतिहीन, पांडुवर्ण

## खण्ड–ख (व्यावहारिक व्याकरण) 15

3. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।** 2
   देशभक्ति, हिन्दुस्तान, ज्ञान

4. 1. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए।** 1
      यहा–वहा, बासुरी, लाघना
   2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए। 1
      सकट, वशज, शका

5. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए।** 1
   खिलाफत, एतराज, वाजिब

6. 1. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित प्रत्यय पहचानकर लिखिए।** 1
      मासिक, वास्तविक, भिड़ंत
   2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित उपसर्ग पहचानकर लिखिए। 1
      सकुशल, बेगुनाह, अधिकृत
   3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में मूल शब्द के साथ जुड़े उपसर्ग और प्रत्यय को अलग कर लिखिए। 1
      उपकारक, प्रदर्शन, विद्रोही

7. 1. **निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों में सही संधि-विच्छेद कीजिए।** 4

संवाद, उद्धार, महौज, सर्वोत्तम, गुरुपदेश

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए। 3

1. ईसा मसीह ने कहा मैं उन्हें धन्य कहूँगा, जो अंतिम हैं
2. कौन कहता है कि पूरी जिंदगी को दाँव पर लगा देने में कोई आनंद नहीं है
3. गाँधीजी ने कहा अहिंसा परमो धर्म
4. वह व्यक्ति मुझसे अधिक बुद्धिमान है मुझसे अधिक सहनशील है

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 25

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 5

1. "अतिथि तुम कब जाओगे" पाठ के लेखक शरद जोशी की भाषा शैली का वर्णन कीजिए। 2
2. "धर्म की आड़" पाठ से क्या संदेश मिलता है ? 2
3. कलाभिज्ञ लोगों को कीचड़ का कौनसा रूप पसंद है? 1

9. **"एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा" पाठ में लेखिका व अन्य पर्वतारोहियों के साहस का उदाहरण जीवन में सफलता पाने में किस प्रकार सहायक है?5**

**अथवा**

**"जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता, तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं।" दुःख का अधिकार पाठ से इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 5

1. "बिना रंग वाला लोहे का फाटक" कहकर कवि ने किस ओर संकेत किया है ? 2
2. पंक्तियों का भावार्थ लिखिए- 2

"धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय।।"

3. 'अग्नि पथ' शब्द से कवि का क्या अभिप्राय है? 1

11. **नए इलाके में .......... और खुशबू रचते हैं हाथ, कविताओं का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**'अग्निपथ' कविता के कवि का परिचय दीजिए व उनकी शैली का भी वर्णन कीजिए।**

12. **गिल्लू पाठ में सोनजुही गिल्लू से किस प्रकार संबंधित है?** 3

**अथवा**

**लेखक के डाकखाने जाने और रास्ते की शरारतों का वर्णन अपने शब्दों में करो।**

13. **दिये जल उठे पाठ में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी से गाँधीजी की मुलाकात कहाँ हुई थी?** 2

## खण्ड-घ (लेखन) 25

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** 5

1. **रोबोटिक संसार।**
   - रोबोट (मशीनी मानव) • उपयोग • परिणाम।
2. **वर्चुअल एज्युकेशन।**
   - आशय • शिक्षा का बदलता स्वरूप • लाभ
3. **मेरी प्रिय पुस्तक**
   - वर्ण्य विषय • ग्रंथ की भाषा तथा रसों का समावेश • प्रिय लगने के कारण

15. अपनी बहन के नया घर खरीदने पर बधाई देते हुए आशीर्वादस्वरूप पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपका आधार कार्ड खो जाने (गुम हो जाने) की अवस्था में पिताजी से सलाह माँगने हेतु पत्र लिखिए।

16. दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 5



अथवा



17. दो मित्रों के बीच किसी मजदूर कैंप में चंदा देने के विचार पर संवाद लिखिए। 5

अथवा

इस वर्ष महाराष्ट्र में आई बाढ़ पर दो व्यक्तियों के बीच संवाद को लिखिए।

18. किन्डरगार्डन स्कूल के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

योग संस्थान में योग कोर्स के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

WWW.CBSE.ONLINE

Download Solved Version of this solved paper from
www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and p aper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.